# मॉडल प्रश्न–पत्र–IV

## कक्षा – दसवीं

## विषय – अर्थशास्त्र (214)

समय : 3 घण्टे | पर्णांक : 100

**निर्देश :** 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है और यह चार भागों में विभक्त है खण्ड (अ), खण्ड (ब), खण्ड (स), खण्ड (द) है। प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न है तथा हर प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

3. प्रश्न क्रमांक 02 से 13 अति लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है।

4. प्रश्न क्रमांक 14 से 19 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।

5. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

6. प्रश्न क्रमांक 24 से 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

7. प्रश्न क्रमांक 26 से 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न में 6 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

प्रश्न 1. **खण्ड (अ)** सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए – **(1×5=5)**

1. अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण शाखाएँ –

(अ) व्यष्टि अर्थशास्त्र (ब) समष्टि अर्थशास्त्र

(स) व्यष्टि एवं समष्टि अर्थशास्त्र (द) इनमें से कोई नहीं

2. विकास के स्तर के आधार पर अर्थव्यवस्था के प्रकार है –

(अ) एक (ब) दो

(स) तीन (द) चार

3. भारतीय रेलवे है एक –

(अ) निजी इकाई (ब) सर्वाजनिक इकाई

(स) एकल स्वामित्व (द) साझेदारी

4. हमारे देश का केन्द्रीय बैंक है –

(अ) भारतीय रिर्जव बैंक (ब) व्यावसायिक बैंक

(स) सहकारी बैंक (द) विकास बैंक

5. यदि किसी दी गई कीमत पर वस्तु की मॉंग की मात्रा उसकी आपूर्ति की मात्रा से अधिक है तो–

(अ) वस्तु की कीमत नहीं बदलती (ब) कीमत घटने लगती है

(स) कीमत बढ़ने लगती है (द) इनमें से कोई नहीं

**खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।** **(1×5=5)**

1. एक मिश्रित अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक और निजी क्षेत्रकों का .................होता है।
2. एक छात्र का किसी विद्यालय में पढ़ना ...........................है।
3. यदि क्रेता की आय में कमी हो जाती है तो निकष्ठ वस्तुओं की माँग में ............... हो जाती है।
4. क्रय तथा विक्रय ............................में होता है।
5. बाजार में क्रेता तथा विक्रेताओं का अस्तित्व उनके बीच संपर्क तथा...............होता है।

**खण्ड (स) सत्य/असत्य लिखिए।** **(1×5=5)**

1. किसी वस्तु की कीमत का निर्धारण समष्टि अर्थशास्त्र की समस्या है।
2. वस्तु और सेवाओं की उपलब्धता उत्पादक वस्तुओं की उपलब्धता पर निर्भर है।
3. बचत वह आय है जो उपभोग के पश्चात बच जाती है।
4. आँकड़ों को सरल दंडित चित्र के रुप में किया जा सकता है।
5. ध्वनि प्रदूषण उच्च रक्त चाप व बहरापन आदि उत्पन्न नहीं करता है।

**खण्ड (द) सही जोड़ी बनाइए–** **(1×5=5)**

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (1) फसल | (1) व्यक्तिगत अनुसंधान |
| (2) मुद्रा | (2) वस्तु की कीमत |
| (3) प्राथमिक आँकड़े | (3) मोटर गाड़ी यातायात |
| (4) व्यक्तिगत माँग | (4) विनिमय का माध्यम |
| (5) ध्वनि प्रदूषण | (5) भूमि |

प्रश्न 2. सार्वजनिक वस्तुओं के दो नाम लिखिए? 2

प्रश्न 3. उपभोग की परिभाषा लिखिए? 2

प्रश्न 4. निवेश की परिभाषा लिखिए ? 2

प्रश्न 5. आपूर्ति की परिभाषा में सम्मिलित किय जाने वाले दो तत्वों के नाम लिखिए? 2

प्रश्न 6. अनिश्चितता के दो उदाहरण लिखिए? 2

प्रश्न 7. आँकड़ा की परिभाषा लिखिए? 2

प्रश्न 8. द्वितीयक आँकड़ा के दो स्त्रोत लिखिए? 2

प्रश्न 9. नगदी फसल के दो नाम लिखिए? 2

प्रश्न 10. भारत में कार्यशील जनसंख्या के अंश के मामले में सबसे बड़ा क्षेत्रक का नाम लिखिए? 2

प्रश्न 11. पर्यावरण के दो तत्व लिखिए? 2

प्रश्न 12. वायु प्रदूषण के दो स्त्रोत लिखिए? 2

प्रश्न 13. भारत में उपभोक्ता आंदोलन के सम्मुख दो मुख्य चुनौतियों को लिखिए? 2

प्रश्न 14. समष्टि अर्थशास्त्र की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए? 3

प्रश्न 15. विकास को प्रभावित करने वाले गैर आर्थिक कारको की व्याख्या कीजिए? 3

प्रश्न 16. उत्पादन के तीन प्रकार की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए? 3

प्रश्न 17. यदि किसी वस्तु की 48 इकाइयों उत्पादन किया जाता है तथा कुल स्थिर लागत 180 रु.और कुल परिवर्ती लागत 300रु. है तो उत्पादन की औसत लागत कितनी होगी ?ज्ञात कीजिए। 3

प्रश्न 18 धातु मुद्रा (सिक्का) एवं पत्र मुद्रा (कागजी मुद्रा) में तीन अंतर लिखिए। 3

प्रश्न 19. निर्धनता (गरीबी) के तीन कारण लिखिए? 3

प्रश्न 20. आवश्यकताओं का उदय तथा प्रसार किस प्रकार होती है? व्याख्या कीजिए। 4

अथवा

आवश्यकताओं में विकास के साथ परिवर्तन और विस्तार होता है इस कथन की व्याख्या कीजिए?

प्रश्न 21. नियोजित आर्थिक प्रणाली में संसाधनों का आबंटन की प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए? 4

अथवा

मिश्रित अर्थव्यवस्था में संसाधनों का आबंटन की प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए?

प्रश्न 22. भारतीय रिजर्व बैंक की चार कार्य लिखिए? 4

अथवा

व्यावसायिक बैंक की चार कार्य लिखिए?

प्रश्न 23 निम्न आँकड़ों से सीमांतर माध्य ज्ञात कीजिए – 4

| $(x)$ अंक | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों संख्या$(f)$ | 3 | 7 | 8 | 5 | 3 | 4 |

अथवा

यदि काल्पनिक माध्य से लिए गए 10 के समूह के विचलनों का योग 50 है और काल्पनिक माध्य 20 है तो वास्तविक समांतर माध्य ज्ञात कीजिए?

प्रश्न 24. बाजार माँग को प्रभावित करने वाले पाँच कारक लिखिए? 5

अथवा

कीमत का अर्थ और कीमत का निर्धारण की व्याख्या कीजिए?

प्रश्न 25. यू.एस.ए. की अर्थव्यवस्था का एक संक्षिप्त लेखा जोखा की व्याख्या कीजिए? 5

अथवा

व्यापार की महत्व की व्याख्या कीजिए?

प्रश्न 26. वास्ताविक विश्व की स्थिति में बाजार की संरचना की व्याख्या कीजिए? 6

अथवा

बाजार कीमत पर कर और आर्थिक सहायक के प्रभाव की व्याख्या कीजिए?

प्रश्न 27. अकाल और भोजन की कमी से देश पर पड़ने वाले प्रभाव लिखिए? 6

अथवा

सेवा क्षेत्रक का राष्ट्रीय आय में योगदान की व्याख्या कीजिए?